>

Title : Need to construct road in Danapur Cantonment area in Bihar.

[N19]

श्री राम व्ृ्Eपाल यादव (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दानापुर कैन्टोनमैंट एरिया की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उस कैन्टोनमैंट एरिया से आम लोगों के आने-जाने के ा।लए रास्ता बना हुआ है। लोग उसी कैन्टोनमैंट एरिया से चांदमारी गांव में सैंकड़ों वर्षों से आ-जा रहे हैं। मैं समझता हूं कि कैन्टोनमैंट एरिया स्थापित होने से पहले भी लोग वहां से ऐंते-जाते रहे हैं जहां हजारों की आबादी रहती है। उसी रास्ते में बच्चों का एक बहुत बड़ा डीपीएस स्कूल है। बच्चे भी उसी रास्ते से स्कूल जाते हैं। विगत् कुछ समय से उस सड़क की हालत बहुत खराब है। वहां स्थिति यह है कि कैन्टोनमैंट बोर्ड भी उस सड़क की मरम्मत नहीं कर रहा है। हमने एक बार जब अपने संसदीय कोष से उस सड़क को बनाया, तो उस पर कोई आपत्ति नहीं हुई। बाद में ग्रामीण विकास मंत्रालय, बिहार सरकार ने उस सड़क की मरम्मत के ा।लए दो बार राशि भी आवंटित की, लेकिन कैन्टोनमैंट बोर्ड के अधिकारियों ने सड़क की मरम्मत करने की इजाजत नहीं दी। इससे आम लोगों में बहुत आक्रोश है। एक बार इसी बैंत को लेकर बहुत प्रोटैस्ट भी हुआ था, मगर मेरे हस्तक्षेप से नागरिकों में आक्रोश कम हुआ। जो संबंधित वरीय अधिकारी हैं, उन्हें मैंने इस बारे में सूचना दी, तो उन्होंने कहा कि मैं सॉल्यूशन निकालूंगा। संबंधित जिलाधिकारी को भी मैंने इस बारे में कहा था, लेकिन आज तक इसका कोई सॉल्यूशन नहीं निकला है। सड़क की जर्जर हालत होने के कारण गांव के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हम माननीय रक्षा मंत्री जी से निवेदन करेंगे कि वे अविलम्ब हस्तक्षेप करके उस सड़क की मरम्मत करायें ताकि बच्चों के स्कूल जाने का जो रास्ता है, आम लोगों के जाने का रास्ता है, उस रास्ते से लोग आ-जा सकें। गांव में रहने वाले जो हजारों किसान हैं, जिनको बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है, उनमें इस बैंत को लेकर बहुत आक्रोश है। यदि यहां से हस्तक्षेप करके सड़क का निर्माण नहीं किया जायेगा, तो वहां कुछ भी अनहोनी हो सकती है। इसकी जिम्मेदारी कैन्टोनमैंट बोर्ड के वरीय अधिकारियों पर जाती है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री से निवेदन करूंगा कि आप अविलम्ब हस्तक्षेप करें। चांदमारी गांव में रहने वाले लोगों और वहां के व्यवस्थित स्कूल में बच्चों के जाने के ा।लए जो रास्ता खराब है, उसे कैन्टोनमैंट बोर्ड खुद बना दे क्योंकि भारत सरकार उन्हें पैसा भी देती है या फिर वहां जो राशि गयी है, उस राशि को वहां खर्च होने दे ताकि सड़क ठीक से बन सके और लोगों को सुविधा प्रदान हो सके। वहां स्थिति बहुत तनावपूर्ण है इसलिए अविलम्ब मैं इसे सरकार के नोटिस में ला रहा हूं। मेरा कहना है कि संसदीय कार्य मंत्री जी बैठे हुए हैं। वे इसमें जरूर कुछ हस्तक्षेप करें और अपने अधिकारियों की एक टीम वहां भेजे। अगर ऐसा नहीं किया गया,तो वहां कुछ भी हो सकता है जिसके ा।लए कैन्टोनमैंट बोर्ड के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मैं आपके माध्यम से यही कहना चाहता हूं कि आप हस्तक्षेप करें और वहां सड़क निर्माण का काम करायें। उस सड़क को रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार अपने पैसे खर्च कराकर बनाये या गांव में सरकार का पैसा जो सड़क बनाने के ा।लए आया है, उसमें परमिशन दे दे, ताकि वह सड़क बन सके। वहां सामान भी रखा हुआ है, लेकिन उस सड़क को बनने नहीं दिया जा रहा है। इसकी क्या वजह है, यह हम नहीं जानते? आम लोग सैंकड़ों वर्ष से उस रास्ते का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोई नया रास्ता क्रिएट किया जा रहा है। आम लोग उसी कैन्टोनमैंट एरिया से ऐंते-जाते रहे हैं, मगर पता नहीं क्या बैंत है, कोई वजह नहीं है। वहां डीपीएस स्कूल चल रहा है। बच्चों को जाने में दिक्कत है, किसानों को जाने में दिक्कत है मगर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहां के अधिकारी चुप बैठे हैं। उन्होंने हमें आश्वासन दिया है। मैंने इस बारे में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट का ध्यान आकर्षित किया था, लोकल एसडीओ का भी ध्यान आकर्षित किया था, मगर अभी तक कोई निदान नहीं निकल सका है। मैं आपसे प्रोटेक्शन चाहता हूं। आप सरकार को इंस्ट्रक्शन दें ताकि वह उसे देखे और उस सड़क को बनवा दे। बहुत-बहुत धन्यवाद। ह्न(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, आप सरकार को इंस्ट्रक्शन दें, क्योंकि वहां बहुत तनावपूर्ण स्थिति है। ह्न(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I cannot give instructions to the Government.

श्री राम व्ृ्Eपाल यादव : आप सरकार का ध्यान इस ओर दिलवाइये, क्योंकि संसदीय कार्य मंत्री तो नोटिस तक नहीं ले रहे हैं। उन्होंने सुना भी नहीं है कि मैंने क्या कहा है? ह्न(व्यवधान) इतनी ज्वलंत समस्या है। वहां स्थिति तनावपूर्ण है। ह्न(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : यहां मिनिस्टर साहब बैठे हुए हैं। सब बैठे हुए हैं।

â€¦(व्यवधान)

श्री राम व्ृ्Eपाल यादव : वहां मिलिट्री और पब्लिक में कुछ भी हो सकता है। एक बार लोग इकट्ठे हो गये थे, मिलिट्री इकट्ठी हो गयी थी। मैंने हस्तक्षेप किया, निवेदन किया। ह्न(व्यवधान) लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ह्न(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have given no notice. Please sit down.[MSOffice20]